**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 30.07.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस–आईएमसी के 10वें संस्करण की थीम का शुभारंभ किया।
2. द्वीपों के उपराज्यपाल ने 'अंडमान निकोबार द्वीपसमूह फिल्म नीति' और राजीव गांधी जलक्रीड़ा परिसर के पुनर्विकास पर समीक्षा बैठक की ।
3. कला एवं संस्कृति विभाग, की ओर से 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के हिस्से के रूप में तीन दिवसीय 'सोमनाथ संवाद' का आयोजन किया गया।
4. राष्ट्रमंडल खेलों में भारत 3 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य पदकों सहित कुल 15 पदकों के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गया है।

**<><><><><><><>**

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस–आईएमसी के 10वें संस्करण की थीम का शुभारंभ किया। एशिया के सबसे बड़े डिजिटल प्रौद्योगिकी मंच का 10वां संस्करण 7 से 10 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। दूरसंचार विभाग और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित आईएमसी में वैश्विक प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ, दूरसंचार ऑपरेटर, नवाचारों, स्टार्टअप, निवेशक, शोधकर्ता और नीति निर्माता भारत के डिजिटल परिवर्तन के अगले चरण को आकार देने के लिए एक साथ काम करेंगे।

**<><><><><><><>**

द्वीपों के उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी.के. जोशी, ने 'अंडमान निकोबार द्वीपसमूह फिल्म नीति' और राजीव गांधी जलक्रीड़ा परिसर के प्रस्तावित पुनर्विकास की समीक्षा की। बैठक के दौरान उपराज्यपाल ने फिल्म नीति को द्वीपसमूह में फिल्म शूटिंग के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप, साथ ही, हितधारकों के योगदान से फिल्म निर्माताओं के लिए एक सहायक पारिस्थितिकी तंत्र बनाकर द्वीपसमूह की उचित ब्रांडिंग सुनिश्चित करने के प्रयास के बारे में चर्चा की।

उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जलक्रीड़ा परिसर को भव्य रूप से विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे ।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला पुलिस 'नशा मुक्त भारत, खुशहाल भारत' अभियान के तहत, जिले भर में नशा विरोधी जागरूकता गतिविधियां चला रही है। निरंतर जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से, जिला पुलिस छात्रों, युवाओं, दुकानदारों, पर्यटकों, चालकों, वरिष्ठ नागरिकों और आम जनता को मादक पदार्थों के हानिकारक प्रभावों, एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों और नशीले पदार्थों से संबंधित अपराधों को रोकने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व के बारे में जागरूक कर रही है। इस अभियान के दौरान विभिन्न पुलिस थानों द्वारा द्वीपों के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस मनोरंजन टीम ने शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करने में समाज की सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया।

<><><><><><><>

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बंबूफ्लाट में कल विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पहचान और मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अभिभावकों सहित कुल 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के तहत, खंड परियोजना कार्यालय, रंगत की ओर से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पहचान और मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रारंभिक पहचान, व्यापक मूल्यांकन, दिव्यांगता प्रमाणन तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सहायता सेवाओं तक पहुँच की सुविधा प्रदान करना है। यह शिविर कल रंगत के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में और पहली अगस्त को सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, कदमतला में आयोजित होगा। मूल्यांकन के दौरान दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, बच्चे का आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, फोटो और  राशन कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज़ साथ लाने होंगे।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग, की ओर से 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के हिस्से के रूप में तीन दिवसीय 'सोमनाथ संवाद' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानंद सरस्वती ने भारत की प्राचीन आध्यात्मिक विरासत के ताने—बाने को आधुनिक समाज सेवा के मूल्यों पर चर्चा की। कला एवं संस्कृति निदेशक प्रियंका कुमारी ने कहा कि सोमनाथ ज्योतिर्लिंग केवल एक स्मारक नहीं है, बल्कि लचीलेपन और आध्यात्मिक रचना का एक जीवंत प्रतीक है, जो दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सोमनाथ संवाद के दौरान पांच श्रेणियों में अंतर—महाविद्यालयी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने पैरा एथलेटिक्स के पुरूषों की 100 मीटर टी—47 स्पर्धा के फाइनल में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। भारत के दिलीप महादु गावित ने स्वर्ण पदक, जबकि मोहम्मद बासिल मोरसिंगानकथ ने रजत पदक अपने नाम किया। भारत 3 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य पदकों सहित कुल 15 पदकों के साथ आठवें स्थान पर है।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज में 8 स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परामर्श कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। बी. कॉम (जनरल), बी.कॉम (सीएस), बीबीए के लिए 5 अगस्त और बी.ए. (अर्थशास्त्र), बी.ए. (समाजशास्त्र) और बी.पी.ए. संगीत के लिए परामर्श 6 अगस्त को रखा गया है। अभ्यार्थियों को अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुबह 9.30 बजे से उपस्थित होना होगा। परामर्श के दिन ऑफलाइन आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा नहीं किया है, उन्हें प्रवेश के लिए 12वीं कक्षा का अंक पत्र के साथ भरे हुए फार्म सुबह साढ़े दस बजे तक जमा करना होगा।

इस बीच, जी. बी. पंत अस्पताल के स्कूल ऑफ नर्सिंग में शैक्षणिक सत्र 2026—27 के लिए जी. एन. एम. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु परामर्श चार अगस्त को संस्थान के सभागार में सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगा। अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने अक्रिमण हटाओ अभियान के तहत, मथुरा गांव में नए अतिक्रमणों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई किया। राजस्व अधिकारियों को क्षेत्र में लगभग 40 हजार वर्ग मीटर चराई भूमि और खेल के मैदान के लिए चिह्नित 10 हजार वर्ग मीटर भूमि पर नए अतिक्रमण का पता चला था। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, राजस्व अधिकारियों ने अनधिकृत अतिक्रमणों को हटाकर सरकारी भूमि को उसकी मूल स्थिति में बहाल कर दिया।

<><><><><><><>

केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के तहत कार्यरत क्लीनिकल रिसर्च यूनिट फॉर होम्योपैथी, की ओर से अंडमान कॉलेज के अनुसूचित जनजाति छात्रों के लिए एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और 'होम्योपैथी वेलनेस किट' वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान, रिसर्च फेलो डॉ. तन्मय हलदार ने 'शिक्षकों और छात्रों के बीच नींद और तनाव विकारों के साथ शैक्षणिक बर्नआउट के होम्योपैथिक प्रबंधन पर साक्ष्य–आधारित दृष्टिकोण' विषय पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर अंडमान कॉलेज के विद्यार्थियों को होम्योपैथी वेलनेस किट भी वितरित की गईं।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने कार निकोबार के कई विद्यालयों में कुत्तों के काटने से बचाव और सुरक्षा उपायों पर जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की। जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान, छात्रों और शिक्षकों को कुत्तों के व्यवहार को समझने, चेतावनी के संकेतों को पहचानने और सुरक्षा उपायों पर जानकारी दी।

<><><><><><><>